**PGDDM**

# सत्रीय कार्य 2026

# आपदा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
# (पी.जी.डी.डी.एम.)

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदानगढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# सत्रीय कार्य करने के निर्देश

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य में दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने उत्तर लिखेंगे। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय कृपया निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें:

1) **योजना :** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढ़िए। प्रत्येक उत्तर के बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

2) **संगठन :** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर को चुनने और विश्लेषण करने का प्रयास कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और समाहार पर विशेष ध्यान दें।

   उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि :

   क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत हो
   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध हो; और
   ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही हों।

3) **प्रस्तुतीकरण :** जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में ही लिखें।** जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हों, उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही हो।

शुभकामनाओं के साथ,

# एम.पी.ए.–006
# आपदा चिकित्सा
# सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.)

पाठ्यक्रम कोड : एम.पी.ए–006
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.एस.टी/टी.एम.ए/2026
अंक : 50

**इस सत्रीय कार्य में भाग–I और भाग–II हैं। प्रत्येक भाग में पाँच प्रश्न हैं। आपको कुल पाँच प्रश्न करने हैं, किंतु प्रत्येक भाग में से कम से कम दो प्रश्न अवश्य कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 400 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।**

## भाग–I

1. 'महामारी रोग–विज्ञान की प्रविधि प्राकृतिक और मानवकृत आपदाओं के कारणों एवं परिणामों को जांचने और उल्लिखित करने में मदद करती है।' इस कथन के आधार पर विभिन्न महामारी रोग विज्ञान प्रविधियों का वर्णन करें।
2. 'स्वच्छता व सफाई' कार्यनीतियों पर प्रकाश डालिये, जो जोखिम से रोकथाम में भूमिका निभाते हैं।
3. अस्पताल पूर्व योजना, जो चिकित्सा तैयारी योजना का एक घटक है, के बारे में लिखें।
4. साजो–सामान प्रबंधन में 'सामग्री प्रबंधन' व 'सूची नियंत्रण' का वर्णन कीजिए।
5. दूर–दराज के क्षेत्रों में प्रशासनिक व चिकित्सा बुनियादी ढांचे को लिखें तथा इन क्षेत्रों की सुविधायों को ध्यान में रखते हुए प्रभावी आपदा अनुक्रिया के बारे में लिखें।

## भाग–II

6. आपदाओं के संदर्भ में स्वास्थ्य प्रबंधन में शिक्षा व प्रशिक्षण पर एक टिप्पणी लिखिए।
7. 'आपदा स्थल प्रबंधन 'हताहत भार प्रबंधन' व 'प्रभावी चिकित्सा' को महत्वपूर्ण बल देता है।' विस्तृत विवरण कीजिए।
8. चिकित्सालयी आपदा प्रबंधन का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
9. संक्रामक रोगों का नियंत्रण किस प्रकार किया जाता है?
10. चक्रवात् के प्रति चिकित्सा व स्वास्थ्य अनुक्रिया पर प्रकाश डालिये।